हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 13 दिसंबर 2023



11 आईजीयू ने किया परीक्षाओं को शेड्यूल हुआ जारी



12 सिरोही बहाली टोल प्लाजा पर दिन दहाड़े तोड़फोड़




**खबर संक्षेप**

### डिप्टी सीएम अभिनंदन की रूपरेखा शुरू

**नांगल चौधरी।** नांगल चौधरी उप मंडल को राज्यपाल की स्वीकृति मिलने पर न्याय विभाग के प्रधान सचिव ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। जिससे उत्साहित जेजेपी कार्यकर्ताओं ने पूर्व हलका प्रधान हजारीलाल लंबोरा व लीगल सेल के जिला प्रधान प्रमोद ताखर की अगुवाई में बैठक की। जिसमें डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का अभिनंदन करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि उप मंडल बनने से आमजन को नांगल चौधरी में सभी प्रशासनिक सुविधाएं मिल सकेंगी।

उन्होंने कहा कि नांगल चौधरी हलके के गांवों का मुखियालय नारनौल में स्थित है।

### एचवाईवी एड्स के प्रति किया गया जागरूक

**महेंद्रगढ़।** एड्स एक गंभीर बीमारी है, जो कई जानलेवा भी साबित हो सकती है। इस बीमारी के प्रति जागरूकता की कमी की वजह से ही अक्सर लोगों को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ते हैं। इसी देखते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नारनौल के निर्देश अनुसार शहर में जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. तरुण यादव व एडवोकेट विनित पाल ने शहर के झुग्गी झोपड़ी में पहुंचकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

### मकान का ताला तोड़कर नकदी व आभूषण चोरी

**मंडी अटेली।** खण्ड के गांव तिगरा में अज्ञात चोर एक मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये की नगदी व लाखों रुपये के आभूषण चुरा कर ले गए। पुलिस ने पीड़ित मकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव तिगरा निवासी श्योराम ने पुलिस में दी शिकायत में कहा कि पिछले 4-5 रोज से अपने दोहते के पास अस्पताल में था और मकान पर ताला लगा रखा था।

### नौ किसानों के खेत से 150 फव्वारा सेट चोरी

**महेंद्रगढ़।** गांव रिवासा में नौ किसानों के खेत से अज्ञात चोर 150 फव्वारा चोरी करके ले गए है। पीड़ित किसानों ने सिटी पुलिस से शिकायत देकर फव्वारा बरामद करने तथा चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने किसान की शिकायत पर मामला दर्जकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। गांव रिवासा निवासी किसान रतनलाल ने सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 10 दिसंबर को उनके खेत से अज्ञात चोरों ने फव्वारा सेट चोरी कर लिया है। साथ में अन्य किसान अमित पुत्र बीरसिंह, जितेंद्र पुत्र लालचंद, दशरथ के खेत में चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

## हड़ताल पर कम्प्यूटर ऑपरेटर : रजिस्ट्री, लाइसेंस व आरसी के कामकाज अटके



नारनौल। हड़ताल पर होने की वजह से खाली पड़ी सरल केंद्र में कर्मचारियों की कुर्सी। फोटो :हरिभूमि

- जिला में ऐसे 100 हड़ताली कर्मचारी, जिनमें करीब 76 कम्प्यूटर ऑपरेटर
- हड़ताल पर रहकर पंचकूला गए कर्मचारी, रोजमर्रा सहित आम आदमी के कार्य हुए प्रभावित

हरिभूमि न्यूज नारनौल

प्रदेश सरकार हर सरकारी कार्य को ऑनलाइन कर रही है। जिला में रोजाना करीब 100 से 125 रजिस्ट्रियां होती है। दुपहिया से फॉरव्हीकल के 300 से 350 लाइसेंस बनते है। आरसी भी 250 से 300 के करीब बनती है। इनके अलावा सरल केंद्र में सब कार्य कम्प्यूटर ऑपरेटर पर टिका है। अब यहीं अधिकांश कर्मी जिला आईटी सोसायटी और कौशल निगम के तहत लगे है। वेतन भी कम है। बार-बार मांग भी यह कर्मी करते आ रहे है। कोई सुनवाई नहीं होने पर सोमवार यह एक दिन ही हड़ताल पर चले गए। ऐसे जिला में 100 कर्मचारी हड़ताल पर रहे। इससे प्रशासनिक और आम जन से जुड़े सरकारी महकमों के कम्प्यूटर से जुड़े कार्य ठप रहे। हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफैशनल्ज संघ से जुड़े जिला प्रधान प्रवीण सैनी, कोषाध्यक्ष दीपक, जिला सचिव अनिल कुमार, विकास यादव, विकास शर्मा, सुंदरलाल, वीरेंद्र यादव, रामकिशन, नरेंद्र, अनिल शर्मा, दिनेश शर्मा, धर्मपाल कांवी, रमेश, कृष्ण, गौरव, मनोज सैनी, अशोक कुमार, सुनील सैनी, कवि राज, भूपेंद्र सचदेवा आदि ने बताया कि समान काम समान वेतन की मांग कई वर्षों से की जा रही है। सरकार अनदेखा कर रही है। संघ से जुड़े कई कर्मचारी इसी सिलसिले में पंचकूला भी गए है।

### हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफैशनल्ज संघ की यह हैं 11 मांगें

*▶▶जिला आईटी सोसायटी (डीआईटीएस) का केंद्रियकरण करते हुए बजट का प्रावधान किया जाए।*
*▶▶सभी कार्यरत कर्मचारियों के पद सर्जित किए जाए।*
*▶▶एचकेआरएनएल में भेजे गए सभी कर्मचारियों को वापिस डीआईटीएस में किया जाए।*
*▶▶58 वर्ष तक सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए।*
*▶▶डीआईटीएस में कार्यरत कर्मचारियों को कैटेगिरी/पद में अनुभव/योग्यता अनुसार समान काम-समाज वेतन (तकनीकि ग्रेड) प्रदान किया जाए।*
*▶▶सरकार रेगुलाईजेशन की पॉलिसी/एक्ट बनाती है तो डीआईटीएस को भी शामिल किया जाए।*
*▶▶डीआईटीएस में कार्यरत कर्मचारियों को ग्रेच्यूटी अधिनियम के तहत लाभ प्रदान किया जाए।*
*▶▶डीआईटीएस में कार्यरत कर्मचारियों को पदोन्नित का लाभ प्रदान किया जाए।*
*▶▶डीआईटीएस में कार्यरत कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि व डीए का लाभ प्रदान किया जाए।*
*▶▶जिला स्तर पर डीआईटीएस द्वारा बनाए गए निदेशक मंडल में हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफैशनल्ज संघ के जिला/प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि को गवर्निंग बॉडी में सदस्य के रूप में शामिल किया जाए।*
*▶▶वितायुक्त एवं प्रधान सचिव हरियाणा सरकार इलैक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्यौगिकी विभाग हरियाणा चंडीगढ़ के पत्र क्रमांक केसी/एडीएमएन/107/3एसआईटी/9651 दिनांक 12.09.2019 द्वारा डीआईटीएस की बाईलाज जारी किए गए थे जोकि लागू नहीं किए गए। उन्हें विस्तृत रूप से एनएचएम/एसएसके की तर्ज पर लागू किए जाए।*

### सब डिपो को चालू करने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** सामाजिक संगठनों के लोगों ने सब डिपो भवन को चालू करने व बसों की समस्या को लेकर एसडीएम हर्षित कुमार को ज्ञापन सौंपा। समाजसेवी रामनिवास पाटोदा ने बताया कि शहर में तीन साल से सब डिपो भवन बनकर तैयार है, परंतु दो विभागों की आपस में तालमेल सही नहीं होने से सब डिपो चालू नहीं हो पाया है। पीडब्ल्यूडी व रोडवेज विभाग के अधिकारी एक-दूसरे पर कमिया बताकर तीन सालों से सब डिपो को चालू करने में अपनी रुचि नहीं दिखा रहे हैं। जिससे ग्रामीण व लंबे रूट पर नाम मात्र की बसें ही चल रही है। वहीं ग्रामीण व लंबे रूटों पर बसों की कमी होने के कारण यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी रहीं है। ग्रामीण रूटों पर यात्रियों को कई घंटे के बाद रोडवेज बस सेवा मिल रहीं है। बसों की कमी के अभाव में ग्रामीण व विद्यार्थी प्राइवेट साधनों में जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों नारनौल डिपो को कुछ नई बसें मिली है। लेकिन महाप्रबंधक द्वारा इन नई बसों को रूट पर लगाने की बजाएं मुख्यालय में बसों को वापस भेजने का पत्र लिखा है। पत्र में महाप्रबंधक का कहना है कि नारनौल डिपो में परिचालक व चालकों की भारी कमी है। जिस कारण नई बसों को रूट पर उतारना असंभव है। इसलिए कुछ बसों को नारनौल से रेवाड़ी डिपो में भेजा जाए। महाप्रबंधक के इस फैसले पर सामाजिक संगठनों ने विरोध जताया है। उनका कहना है कि सरकार ने नौ बस मिनी, 30 बस लीलैंड, 26 बस टाटा व 10 बस एससी की नारनौल डिपो में भेजी है। नारनौल डिपों को अपग्रेड करके 160 से बढ़ाकर 188 का बेडा बना दिया है। इसलिए नारनौल डिपो की बस को रेवाड़ी डिपो में दी जाए।


### जिले में अब उपमंडलों की संख्या हुई चार, नारनौल के गांवों को काटकर बनाया गया नया सब डिवीजन

# नांगल चौधरी को मिला उपमंडल का दर्जा नारनौल के नजदीक 16 गांव भी शामिल

101 गांवों का गठजोड़ कर बनाया गया है नांगल चौधरी सब डिवीजन, नारनौल ब्लॉक के 16

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नांगल चौधरी तहसील को उपमंडल का दर्जा दिया गया है। उपमंडल का दर्जा मिलने से नांगल चौधरी क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा तथा उन्हें प्रशासनिक कायार्े के लिए नारनौल के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नांगल चौधरी को उपमंडल का दर्जा देने की प्रक्रिया काफी दिनों से चली हुई थी। अब शीघ्र ही यहां एसडीएम बैठने लगेंगे और जिन कामों के लिए नांगल चौधरी तहसील के लोगों को नारनौल एसडीएम के पास जाना पड़ता था, अब वह काम नांगल चौधरी में ही पूरे हो सकेंगे। ऐसा होने से लोगों को राहत मिलेगी तथा उनके समय एवं धन की बचत हो सकेगी। वहीं दूसरी तरफ नारनौल के नजदीकी गांवों को भी नांगल चौधरी से जोड़ दिया है। ऐसे में अब उन्हें महज तीन से चार किलोमीटर दूर नारनौल को छोड़ 25 किलोमीटर दूर नांगल चौधरी जाना होगा। उल्लेखनीय है कि जिला महेंद्रगढ़ में अब उपमंडलों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। इससे पहले तीन उपमंडल थे, जिनमें नारनौल, महेंद्रगढ़ एवं कनीना शामिल थे।




नारनौल। महेंद्रगढ़ जिले का नक्शा।

नारनौल उपमंडल के गांवों को तोड़कर यह नया उपमंडल बनाया गया है। नांगल चौधरी उपमंडल में 101 गांव शामिल किए गए हैं। पहले यह गांव नारनौल उपमंडल के अधीन आते थे।

#### यह गांव किए गए हैं शामिल:

नांगल चौधरी उपमंडल में जो गांव आते हैं, उनमें नांगल चौधरी, लूजोता, मोमनपुर (मोहनपुर), कालबा, सिरोही बहाली, अकबरपुर सिरोही, चैकमलिकपुर, भुंगारका, शिमली इस्माइलपुर, गंडवा (नेहरू नगर), आकोली, मूलोदी, ईकबालपुर नंगली, भोजावास, बीड शिमली, श्योरामनाथपुरा, नांगल कालिया, छापड़ा बीबीपुर, नांगल पीपा, तोताहेड़ी, नायन, नांगल सोडा, बामणवास खेता, मोरूंड, नियामतपुर, गोठड़ी, आसरावास, बूढ़वाल, रायमलिकपुर, अमरपुरा, नांगल नूनिया, उदयपुर कटारिया, बनिहाड़ी, दताल, नौलायजा, निजामपुर, पवेरा, छिलरो, नांपला, आजमाबाद मौखूता, बामणवास नूं, नारेहड़ी, पांचनौता, रोपड़ सराय, नियाजलीपुर, गांवड़ी जाट, गांगूताना, गोलवा, बांयल, नांगल दर्गू, मौसनूता, बखरीजा, बिगोपुर, धौलेड़ा, इस्लामपुरा, सरेली, कमानियां, खातौली अहीर, खातौली जाट, दोंगली, ख्वाजपुर नांगलिया, बेरूंडला, मेघोत हालां, मेघोत बिंजा, जैनपुर मौसमपुर, बिहारीपुर, दौखेरा, दोस्तपुर, भेडंटी, सैदअलीपुर, बसीरपुर, मुकंदपुरा, टहला, मारोली, कारोली, घाटासेर, तलोट, रामबास, दनचौली, धानौता एवं हसनपुर शामिल हैं। यह सभी गांव नांगल चौधरी विधानसभा के अंतर्गत ही आते हैं।

#### 16 गांव भी नांगल चौधरी में शामिल

*नांगल चौधरी उपमंडल में नारनौल खंड के वह 16 गांव भी शामिल कर दिए गए हैं, जो सिंघाना रोड पर पड़ते हैं और इनका आवागमन नांगल चौधरी की बजाए नारनौल में रहता है। क्योंकि इन 16 गांवों का ब्लॉक एवं उपमंडल नारनौल था, जो अब नांगल चौधरी कर दिया गया है। यानि इन 16 गांवों के लोगों को उपमंडल स्तरीय आवश्यक कायार्ें के लिए अब नांगल चौधरी जाना पड़ेगा। इन 16 गांवों में बदोपुर, बलाहा कलां, बलाहा खुर्द, भांखरी, दौचाना, गहली, गोद, हमीदपुर, जादूपुर, खटोटी कलां, खटोटी खुर्द, कोरियावास, कुलताजपुर, मकसूसपुर, रघुनाथपुरा एवं थाना शामिल हैं। यह सभी गांव सिंघाना रोड पर बसे हुए हैं और अब तक नारनौल उपमंडल से जुड़े थे।*

#### आबादी की स्थिति

*नांगल चौधरी के उपरोक्त 85 गांवों का रकबा 36774 हेक्टेयर है, जबकि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार आबादी 170513 थी। इसी प्रकार नारनौल ब्लॉक के 16 गांवों की आबादी 35219 है, जो उपमंडल की कुल आबादी 205732 बनती है।*

#### डीसी ने किया इनकार

*नांगल चौधरी को उपमंडल का दर्जा देने संबंधी पुष्टि के लिए जब उपायुक्त मोनिका गुप्ता से संपर्क किया गया तो उन्होंने इससे इनकार किया और बताया कि सरकार की ओर से इस तरह की जब कोई अप्रूव्ल होती है तो ऑफिसियल कम्यूनिकेशन होता है। हमारे पास ऐसी कोई इन्फोरमेशन नहीं है। जब नया सब डिवीजन बनाया जाता है तो उसकी सरकार की ओर से अप्रूवल होती है तथा सरकार की तरफ से नोटिफिकेशन होती है। ऐसी कोई नोटिफिकेशन हमारे पास नहीं आई है।*

#### घट रही आबादी

*परिवार पहचान पत्रों में दशाई गई आबादी के अनुसार जनसंख्या बढ़ने की बजाए घट रही है। पीपीपी के अनुसार वर्तमान में उपरोक्त 85 गांवों की आबादी 155725 है, जबकि नारनौल ब्लॉक के 16 गांवों की आबादी 31941 है, जो कुल आबादी 187666 बनती है। यानि जनगणना 2011 की तुलना में पीपीपी के अनुसार 18066 आबादी घटी है, न कि बढ़ी है। यानि अब बच्चे पैदा कम करने के चलते जनसंख्या में निरंतर गिरावट आती जा रही है। इस गिरावट में कुछ अंश योगदान मृत्यु दर का भी माना जा सकता है।*

#### अटेली को अब भी इंतजार

*बेशक से नांगल चौधरी (वर्ष 2006-07) विधानसभा अटेली के बाद बनी हो, लेकिन उपमंडल का दर्जा प्राप्त करने में नांगल चौधरी अग्रणी रहा। अटेली के लोग अब भी उपमंडल का दर्जा पाने को तरसते हैं। गत 16 फरवरी 2020 को जब प्रदेश के सीएम मनोहर लाल ने दौंगड़ा अहीर में रैली की थी, तब भी उनके सामने यह मांग पुरजोर तरीके से की गई थी, लेकिन अब तक मांग सिरे नहीं चढ़ पाई है। अब जब नांगल चौधरी को उपमंडल का दर्जा दिया गया है, तब वहां के लोगों को जरूर मलाल हो रहा होगा। विधायक सीताराम यादव स्वयं अटेली को उपमंडल का दर्जा दिलाने को प्रयासरत हैं। विपक्ष का दबाव भी इस मांग पर बना हुआ है।*

#### सीएम का जताया आभार

*विधायक डा. अभयसिंह यादव ने नांगल चौधरी को उपमंडल का दर्जा दिए जाने पर मुख्यमंत्री मनोहरलाल का आभार जताया है। विधायक ने बताया कि नांगल चौधरी को सब डिवीजन बनाने की मांग सीएम से की गई थी और अब इसका नोटिफिकेशन जारी हो गया है। इससे नांगल चौधरी तहसील में पड़ने वाले गांवों को अब उपमंडल संबंधित कामों के लिए नारनौल नहीं आना पड़ेगा और यहीं सारे कार्य किए जाएंगे। विधायक ने बताया कि नांगल चौधरी में उपमंडल स्तर का सचिवालय भी बनवाया जाएगा। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस का निर्माण भी करवाने का प्रस्ताव सरकार के पास भेजा हुआ है। अब उपमंडल स्तर की न्यायिक अदालतें भी नांगल चौधरी में चालू करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। नांगल चौधरी में अनाज मंडी आबाद हो गई है तथा नहरों में भी पानी आने से क्षेत्र के किसानों को बड़ा भारी फायदा पहुंच रहा है।*



### मांगों को लेकर ग्रामीण डाक सेवकों ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**नारनौल।** अपनी मांगों को लेकर ग्रामीण डाक सेवकों ने ऑल इंडिया ग्रामीण डाक सेवक यूनियन के तत्वावधान में मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। प्रधान विजय शर्मा गोलवा ने बताया कि इससे पहले भी ग्रामीण डाक सेवक हड़ताल एवं धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं की जा रही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण डाक सेवकों के काम समय निर्धारित नहीं है और न ही पेंशन लाभ दिया जा रहा है। इसलिए सरकार आठ घंटे काम और पेंशन सहित सभी लाभ प्रदान करे। उन्होंने बताया कि नियमित कर्मचारियों के समान एक जनवरी 2016 से टीआरसी का 12, 24 और 36 वर्ष की सेवा पूरी करने पर तर्कसंगत निर्धारण, वरिष्ठ नागरिकों आदि के लिए वैटेज वृद्धि, समयबद्ध वित्तीय उन्नयन सहित कमलेश चंद्र समिति की सभी सकारात्मक सिफारिशों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। समूह बीमा कवरेज को 5 लाख रुपये तक बढ़ाया जाए। विभागीय कर्मचारियों के साथ समानता में जीडीएस ग्रेच्युटी में वृद्धि की जाए। 180 दिनों तक की सवैतनिक छुट्टी को आगे बढ़ाना तथा उसका नगदीकरण किया जाए। जीडीएस और विभाग के योगदान को तीन प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाए और सेवानिवृत्त जीडीएस को तदर्थ पेंशन प्रदान की जाए।

### संयम व दुख धर्य रखने की प्रेरणा देता है धार्मिक गंथ गीता

***नांगल चौधरी।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन थनवास में प्राचार्य रमेशचंद यादव की अध्यक्षता में गीता महोत्सव पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सांस्कृतिक व कलात्मक प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को संस्था की निदेशक सुनीता यादव ने पुरस्कृत किया। इस दौरान विद्यार्थियों को दैनिक जीवन को गीता ग्रंथ के सिद्यांतानुसार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा के 700 श्लोकों से सुशोभित गीता का ग्रंथ सच्चाई का प्रतीक है। जिससे मोहजाल को छोड़कर परोपकार करने का संदेश मिलता है। गीता में सभी समस्याओं का समाधान तथा संघर्ष करने की पावर समाई हुई है। एकबार अध्यन करने से मौत का भय खत्म हो जाएगा तथा शरीर में नीडरता का संचार होने लगेगा। इससे पहले निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें कनिका को प्रथम, नव्या को दूसरा स्थान मिला। भाषण में नीशु कुमारी को प्रथम, कोमल को दूसरा, मोनिका को तीसरा स्थान मिला। चित्रकारी में नेहा को प्रथम, जैकी को दूसरा पुरस्कार मिला।*

## कृषि प्रधान देश में किसान नहीं बनना चाहते युवा : विनय

- दफ्तरों की फाइलें व सरकार की नीतियों में अटकी किसानों की सुविधाएं
- फसल बीजाई से लेकर बिक्री करने तक झेलनी पड़ती हैं परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निजामपुर



निजामपुर। मूसनोता में किसानों से रूबरू होते रिटायर्ड आईएएस विनय यादव। फोटो: हरिभूमि

रिटायर्ड आईएएस विनय यादव ने मूसनोता, मेघोत हाला, भुंगारका, दत्ताल, नोलाजा, दोस्तपुर गांव में जनसंपर्क किया। किसानों की फसलों का निरीक्षण करने के बाद समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान किसानों ने खाद की किल्लत व फसल सिंचाई की समस्या से अवगत करवाया। विनय यादव ने मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री को पत्र भेजकर समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है, यहां करीब 70 प्रतिशत आबादी खेतीबाड़ी करती है। किसान वर्ग विषम परिस्थितियों में भी कड़ी मेहनत करके अनाज पैदा करते है, लेकिन यह दुर्भाग्य ही है किसानों को खाद-बीज, सिंचाई के लिए पानी तथा पैदावार की मार्केटिंग की परेशानी है। फसल बिजाई से पहले डीएपी, बाद में यूरिया के लिए लाइन खड़ा होना पड़ता है। फिर फसलों का ऑनलाइन पंजीकरण करवाने के लिए कम्प्यूटर सेंटर व साइबर कैफे के चक्कर लगाने पड़ते हैं। 2014 से पहले डीएपी का रेट 467.50 रुपये व यूरिया के दाम 166 रुपये प्रति बैग निर्धारित था। जरूरत पड़ने पर सहकारी समिति या निजी दुकानों में सुविधा पूर्वक उपलब्ध होता था, लेकिन अब डीएपी के दाम बढ़कर 1350 हो गए हैं।

**नई पहल** विवाह समारोह में प्लास्टिक बर्तन बने आफत

## स्टील के बर्तन नि:शुल्क उपलब्ध करवाएगा भयाना परिवार प्लास्टिक प्रदूषण से बचाने के लिए बनाया बर्तन बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

विकराल प्रदूषण की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। प्रदूषण से निजात पाने के लिए अब दुनियाभर में प्रयास हो रहे है। इसी कड़ी में नगर में पर्यावरण को बचाने व सिंगल यूज प्लास्टिक की समस्या से निपटने के लिए अनूठी पहल आरंभ की गई है। नगर में भयाना परिवार ने बर्तन बैंक की शुरूआत की है। इस अनोखे बैंक व इसकी कार्यशैली तथा संचालन की जानकारी देते हुए संस्थापक धीरज भयाना ने बताया कि विवाह व अन्य समारोह में होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को देखते हुए इस पहल की आवश्यकता पड़ी है, ताकि सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान से बचा जा सकें। उनका कहना है कि यह प्रयास थर्माकोल व प्लास्टिक को खत्म करने के लिए सकारात्मक साबित हो सकता है। बर्तन बैंक की मदद से शादी या अन्य किसी कार्यक्रम के लिए बर्तन खरीदने में जो पैसे खर्च होते है, उसकी भी बचत हो जाएगी।



नारनौल। बर्तन दिखाते हुए।

#### बर्तन बैंक में 200 बर्तन सेट:

*नगर में भायाना परिवार ने बर्तन बैंक की शुरूआत की है। यह क्षेत्र में पहला ऐसा बर्तन बैंक है जो विभिन्न समारोह में स्टील के बर्तन नि:शुल्क उपलब्ध करवाता है। बर्तन बैंक के प्रथम चरण की शुरूआत हो चुकी है। इस बर्तन बैंक में 200 स्टील की थाली-प्लेट चार कटोरी सहित, 200 चम्मच, गिलास व अन्य बर्तन शामिल है। क्षेत्र में कोई भी संस्था या आयोजक इस सेट को नि:शुल्क ले जा सकता है और उपयोग में लाने के बाद साफ करके वापस बर्तन बैंक में जमा करवा सकता है।*

#### पर्यावरण के प्रति संवेदना ले आई बर्तन बैंक

*नगर में बर्तन बैंक का आरंभ करने वाले भायाना परिवार के सदस्य धीरज भायाना, रजनी भायाना, कृष्णा देवी, राघव भायाना व पूरव भायाना कहते हैं कि उनका मुख्य उद्देश्य यही है कि वह अपने शहर को प्रदूषण से मुक्त करने में अपना योगदान दे सकें, इसलिए उन्होंने इस बर्तन बैंक की शुरूआत की है। प्रथम चरण में उन्होंने पहले 200 बर्तनों के सेट से इस बैंक को आरंभ किया है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में इसमें बर्तनों की संख्या व वैरायटी में वृद्धि करेंगे। फिलहाल इस प्रोजेक्ट को सिंघाना रोड स्थित गौरव मार्केट के सामने भायाना आवास से संचालित किया जा रहा है।*





## खबर संक्षेप

### लोन की राशि हड़पने वाले दो पकड़े

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस ने विद्यानंद कॉलोनी निवासी महिलाओं को स्कीम के तहत लोन दिलाने के नाम पर दस्तावेज लेकर धोखाधड़ी से लोन की तीन लाख की राशि हड़पने के मामले में गिरोह के दो आरोपियों नरेंद्र निवासी सौंदापुर चौक जाटल रोड पानीपत व महताब निवासी कैराना शामली को काबू किया। पुलिस ने आरोपी नरेंद्र के कब्जे से 45 हजार व एटीएम कार्ड बरामद किए है।

### गैस भरते हुए वैन में आग लगी

**समालखा।** पानीपत के गांव पट्टीकल्याण जीटी रोड स्थित सीएनजी पंप पर मंगलवार को अचानक से गाड़ी में सीएनजी भरते हुए ब्लास्ट हो गया तथा कार में आग लग गई। ब्लास्ट इतना भयानक था कि साथ खड़ी एक वैन को भी अपने चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

### यूनिसेफ स्थापना दिवस मनाया

**पानीपत।** बाल विकास एवं बाल अधिकार संरक्षण को समर्पित संस्था यूनिसेफ स्थापना दिवस आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में मनाया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के कोषाध्यक्ष महताब मलिक रहे व आर्य समाज काबडी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य विशिष्ठ अतिथि रहे। अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान आर्य ने की।

### हादसे में हुई मौत के मामले में चालक काबू

**बराड़ा।** सडक़ दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी दलीप कुमार को काबू कर लिया है। परिवादी शिव कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 नवंबर 2023 को सांई बाबा मंदिर के पास आरोपी वाहन चालक ने लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाते हुए उसके चचेरे भाई अजय को टक्कर मारी जिससे उसकी मौत हो गई।

### 71 कन्याओं को वितरित की जैकेट

**लाडवा।** लाडवा के राजकीय वरिष्ठ कन्या माध्यमिक विद्यालय की 71 कन्याओं को समाजसेवी राजेश गर्ग की पत्नी शिखा गर्ग की ओर से सर्दी को देखते हुए जैकेट वितरित की गई। विद्यालय के प्राचार्य रामपाल सरोहा ने कहा कि इस समय सर्दी का सीजन शुरू हो गया है और सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली कुछ जरूरतमंद कन्याएं जो छठी कक्षा से 11वीं कक्षा तक में पढ़ती है।

# शिल्पकारों की कला के मुरीद हुए देश-विदेश के पर्यटक

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में पहुंचने लगे है शिल्पकारों की कला के कद्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में ब्रह्मसरोवर के चारों ओर शिल्पकारों व दस्तकारों का बाजार सज चुका है। देश के विभिन्न हिस्सों से दस्तकार अपनी-अपनी कला के नमूने शिल्प और सरस मेले में ब्रहमसरोवर के पावन तट पर प्रदर्शित कर रहे है और हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ साथ पड़ोसी राज्यों के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। विभिन्न राज्यों के दस्तकारों व शिल्पकारों के इस एकीकरण से कला के कदरदान भी अपनी पसंद की कलात्मक वस्तुओं का चयन करने में पूरा समय लगा रहे हैं और महोत्सव का भरपूर फायदा लेते हुए जमकर खरीदारी कर रहे हैं। विभिन्न राज्यों से आये दस्तकारों व शिल्पकारों के चेहरे भी भीड़ देखकर खुश थे, क्योंकि दस्तकारों के लिए अपनी कला को प्रदर्शित करने का महोत्सव एक बड़ा अवसर उपलब्ध करवाता है। गीता महोत्सव के सरस और शिल्प मेले में विभिन्न राज्यों से आए दस्तकार व शिल्पकार जो अपने-अपने राज्यों की कला विशेष को प्रस्तुत किए हुए है, उनमें देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के बनारस से आए दस्तकार कडुआ बूटी प्रिंटिंग वाली मशहूर बनारसी साड़िया, इसी राज्य के मनका युक्त आर्टिफिशियल आभूषण व चाइना मिट्टी से बने सेरामिक कोटरी व हैंड पेंटेड क्राकरी, पश्चिम बंगाल की विशेष टेराकोटा मिट्टी व लकड़ी से बनी दस्तकारी के सजावटी सामान, राजस्थान की वेलवेट परहैंड मेड वाटर कलर पेंटिंग, गुजराती दस्तकारों द्वारा सूती कपड़े पर हाथ की छपाई वाले आकर्षक डिजाइन से तैयार बेड शीट, सोफा कवर, पर्दे, तकिया कवर इत्यादि शामिल है, को पर्यटक खुब पसंद कर रहे हैं। महोत्सव में इसी तरह पश्चिम बंगाल के सूखे सजावटी व आकर्षक फूल, आसाम के दस्तकारों द्वारा बम्बू से बनाई सजावटी व घरो में प्रयोग होने वाली वस्तुएं, उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ की ब्रास मेटल की आकर्षक मूर्तियां व अन्य कलाकृतिया, पंजाब की मशहूर फुलकारी के डिजाइन वाले वस्त्र, हरियाणा की हैंड एम्ब्रॉयडरी, राजस्थान के दस्तकारों द्वारा बनाई पत्थर की आकर्षक मूर्तियां, कश्मीर के दस्तकारों को विशेष पहचान दिलाने वाली पश्मीना शाल व कश्मीरी वस्त्र तथा देवभूमि हिमाचल के दस्तकारों द्वारा बनाई गई विशेष हिमाचली टोपी व अन्य डिजाइनर हाथ की कढ़ाई वाले गर्म कपड़े पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।



### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से मिल रही अनोखी पहचान

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के कारण ही धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को शिल्प और लोक कला केंद्र के रुप में एक अनोखी पहचान मिल रही है। इस गीता स्थली



कुरुक्षेत्र की गोद में देश की लगभग सभी राज्यों की लोक कला और संस्कृति समा गई है। इस लोक कला और संस्कृति को देखने के लिए हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक कुरुक्षेत्र पहुंच रहे हैं। इस वर्ष भी गीता महोत्सव के मंच पर देश के विभिन्न राज्यों से 800 से ज्यादा शिल्पकार पहुंचे हैं और देश के 13 से ज्यादा राज्यों के लोक कलाकार अपने-अपने प्रदेश की संस्कृति की छटा बिखेर रहे थे। इस धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को शिल्प और लोक कला केंद्र के रुप में पहचान दिलाने का सारा श्रेय मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जाता है। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र के ब्रहमसरोवर और आसपास के क्षेत्र को देखकर ऐसा लग रहा है मानों भारतवर्ष की संस्कृति व शिल्पकला एक लघु भारत के रुप में ब्रहमसरोवर पर उमड़ आई हो। गीता महोत्सव में अनेक राज्यों से आए कलाकार अपनी हस्तकला के माध्यम से अपनी कला का हुनर दिखा रहे हैं।

### साइकिल चक्की से मिनटों में पिस जाएगा गेहूं, साथ में बनी रहेगी सेहत



अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सुरेश कुमार साइकिल वाली चक्की लेकर आए है। इस मशीन से आटा पीसने के कारण, एक तो शारीरिक व्यायाम भी हो जाता है। इस चक्की को साइकिल की तर्ज पर तैयार किया गया है। चक्की पर भी पैडल लगाए गए हैं। करीब एक घंटा साइकिल वाली चक्की को चलाकार चार से साढ़े चार किलो अनाज आसानी से पीसा जा सकता है। इतना ही नहीं चक्की में अनाज को मोटा पीसना है या बारीक, इसके लिए भी विकल्प दिया हुआ है। अनाज पीसने के साथ-साथ शरीर की कैलोरी भी बर्न होगी। सुरेश कुमार ने बताया कि उसने सबसे पहले साइकिल वाली चक्की 2020 में बनाई थी। उसने एक साइकिल खरीदी और उसे आधे हिस्से में काटकर आगे वाले हिस्से में एक चक्की फिट कर दी, लेकिन अनाज पीसने के लिए आगे पत्थर लगे होने के कारण वह काफी भारी चलती थी, जिससे चलाने वाला बहुत जल्दी थक जाता। ऐसे में उसने साइकिल में एक गियर बॉक्स डाल दिया, जिससे कि अनाज की पिसाई के समय पैडल आसानी से घूमने लगे। साइकिल वाली इस चक्की को हाथ से भी चलाया जा सकता है। सुरेश ने बताया कि साइकिल वाली चक्की में पिसाई के लिए जिन पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है। वह पहाड़ों की मजबूत चट्टान का है। यह पत्थर इतनी आसानी से नहीं टूटता। साइकिल वाली चक्की सालों साल चलने वाली है।



कुरुक्षेत्र। प्रस्तुति देते गतका पार्टी के सिख। फोटो : हरिभूमि

### प्रदर्शनी में नजर आएगी हरियाणा के विकास की तस्वीर

मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा सूचना जनसम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में हरियाणा के विकास की तस्वीर नजर आएगी। इस राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार के पिछले 9 साल के बड़े प्रोजेक्ट और योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा कुरुक्षेत्र 48 कोस के तीर्थों, महाभारत के 18 अध्यायों, गीता के उपदेशों को दर्शाया जाएगा और सेल्फी प्वाइंट भी रखे जाएंगे। महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल मंगलवार को राज्यस्तरीय प्रदर्शनी की तैयारियों को लेकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य स्तरीय प्रदर्शनी की सभी तैयारियां और विभागों के द्वारा सभी स्टॉल 16 दिसंबर को सायं 5 बजे तक तैयार किए जाने है। इसलिए निर्धारित समयावधि में सभी तैयारियां पूरी करना सुनिश्चित करेंगे। इस राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उदघाटन 17 दिसंबर को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे।

- प्रदेश सरकार के पिछले 9 साल के बड़े प्रोजेक्ट और योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा

### सजने लगा असम प्रदेश की संस्कृति का मंच

ब्रहमसरोवर के पावन तट पुरुषोतमपुरा बाग में असम प्रदेश की संस्कृति का मंच सजने लगा है। यह मंच अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 के अवसर पर



लगने जा रहा है। इस बार असम प्रदेश की सरकार ने महोत्सव में पाटनर राज्य की भूमिका अदा की है। इसलिए असम सरकार की तरफ से ब्रहमसरोवर के फ्लैग ग्राउंड में असम पवेलियन की स्थापना की जा रही है। इस पवेलियन का शुभारंभ 17 दिसंबर को किया जाएगा और 24 दिसंबर तक लोग इस पवेलियन का अवलोकन कर सकेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त एवं केडीबी सीईओ अखिल पिलानी ने बातचीत करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हर वर्ष किसी ना किसी राज्य को पार्टनर राज्य के रुप में आमंत्रित किया जाता है।



कुरुक्षेत्र। महोत्सव के दौरान मटके पर खड़े होकर प्रस्तुति देते कलाकार। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को भी उंगलियां चबाने पर मजबूर कर दिया। फोटोः हरिभूमि

# स्मैक सहित युवक को पुलिस ने किया काबू

**यमुनानगर।** थाना छप्पर पुलिस ने गांव कलावड़ टी प्वाइंट से कार में नशीले पदार्थ की सप्लाई करने जा रहे युवक को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपी से 34.55 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना छप्पर पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव कलावड़ निवासी अवनीश उर्फ किन्नू नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गांव कलावड़ के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्हें एक कार आती दिखाई दी। जब पुलिस टीम ने कार को रोककर उसकी तलाशी ली तो कार से 34.55 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

- आरोपी से बरामद हुई 34 .55 ग्राम स्मैक

### शुगर मिल के पीछे संदिग्ध हालत में मृत मिले दो युवक

**शाहबाद।** हल्की शाहाबाद के शुगर मिल के पीछे दो युवकों को संदिग्ध हालत में मृत पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सुबह 8 बजे सामुदायिक अस्पताल में 108 नंबर से फोन आया कि शुगर मिल के पीछे जनदेहडी रोड पर दो युवक मृत अवस्था में पड़े है। मृतकों की पहचान सतनाम सिंह मोहल्ला माजरी उम्र लगभग 40 वर्ष और दूसरा युवक गांव जंधेड़ी का बताया जा रहा है । ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि युवकों ने रात को कोई नशा किया है और पूरी रात ठंड के कारण उनकी मौत हो गई है। दोनों युवको के शवों को नागरिक अस्पताल के शव ग्रह में रखा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए एलएनजेपी कुरुक्षेत्र भेजा जाएगा। उसके उपरांत परिजनों को शव सुपुर्द कर दिए जाएंगे।

# युवक दो बच्चों की मां को लेकर फरार

## महिला घर से जेवर, 53 हजार व बैंक की पासबुक साथ लेकर गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव मलिकपुर निवासी जोनी दो बच्चों की मां को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया। महिला घर से जेवर, 53 हजार रुपये व बैंक की पासबुक भी साथ लेकर गई। पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- महिला के पति ने आरोपी युवक पर लगाया पत्नी को शादी का झांसा देकर अगवा करने का आरोप

जानकारी के अनुसार साढौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास दो बच्चे हैं। उसकी 32 वर्षीय पत्नी तीन दिसंबर को किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला।

### पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया

जांच के दौरान उसे पता चला कि उसकी पत्नी को गांव मलिकपुर निवासी जोनी शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# कार की टक्कर लगने से साइकिल चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के शादीपुर-करेहड़ा रोड पर कार की टक्कर लगने से साइकिल चालक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिहार के जिला छपरा निवासी नीलमनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ शादीपुर सरकारी स्कूल के पास किराये के मकान में रहता है। उसका पिता चंदेश्वर प्रसाद प्लाईवुड फैक्टरी में मेहमन मजदूरी करते थे। नौ दिसंबर को शाम साढ़े छह बजे उसका पिता फैक्टरी से काम खत्म करके साइकिल पर घर लौट रहा था। जब वह शादीपुर करेहड़ा रोड पर पहुंचा तो तेज गति से आ रही कार ने उसके पिता की साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसके पिता को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफॅर दिया। जहां पर इलाज के दौरान उसके पिता की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## सुबह नौ बजे तक घने कोहरे में सड़कों पर रेंगते रहे वाहन

# कंपकपाती ठंड ने जनजीवन किया अस्त व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में पिछले कई दिन से घना कोहरा छाए रहने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। मंगलवार को तीसरे दिन भी सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहा और शीतलहर चलने से मौसम में ठंड बढ़ गई। मौसम में ठंड बढ़ने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। आलम यह है कि पिछले कई दिन से सुबह के वक्त लोगों को अपने गंतव्य पर पहुंचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, ठंड की ठिठुरन में नन्हें मुन्ने बच्चों को ठिठूरते हुए अपने स्कूलों में पहुंचना पड़ रहा है। मंगलवार अलसुबह तीन बजे से ही जिले में घना कोहरा छा गया था और शीतलहर चल रही थी। सुबह नौ बजे तक जिले में घना कोहरा छाया रहने से लोग परेशान रहे। सुबह दस बजे के करीब अच्छी धूप निकलने पर लोगों ने घरों से बाहर निकलकर किसी तरह अपने कामकाज निपटाए। सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने से जहां ट्रेने अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची। वहीं, बसों की रफ्तार भी धीमी रही और वह अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची।

- मौसम में ठंड़ बढ़ने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए



**यमुनानगर।** मंगलवार सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

### बाजारों में ग्राहकों की कम रही आवक

पिछले कई दिन से पड़ रही ठंड की वजह से बाजारों में ग्राहकों की कमी दर्ज की गई है। मंगलवार को बाजारों में ग्राहक कम संख्या में पहुंचे। जिससे दुकानदारी ठंडी रही। दुकानदार विक्रांत, सुनील, अमित सैनी व विशाल आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम काफी खराब चल रहा है। जिसकी वजह से बाजारों मे ग्राहकों की कमी होने लगी है। दोपहर के वक्त ही ग्राहक अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं। मंगलवार को घना कोहरा छाए रहने से जिले का अधिकतम तापमान घटकर 22 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम मात्र 6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

# चोरी करने के तीन आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

सीआईए-1 की टीम ने चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से नकदी सहित सामान व ई-रिक्शा बरामद की गई है। टीम इंचार्ज एसआई अनिल कुमार के नेतृत्व में विश्वसनीय सूचना पर आरोपी बबलू निवासी हकीकत नगर करनाल, प्रवीण कुमार उर्फ पन्नू निवासी मुखाल हाल किरायेदार शिव कॉलोनी करनाल और प्रद्युम निवासी शिव कॉलोनी करनाल को नई सभी मंडी रोड करनाल से गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा छह लोहे की पाइप, दो हजार नकद राशि व वारदात में इस्तेमाल ई रिक्शा बरामद की गई। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने शिकायतकर्ता रामकुमार निवासी खेड़ा कॉलोनी करनाल की फैक्टरी जोकि कंबोपुरा में स्तिथ है से बतीश लोहे की पाइप व अन्य सामान चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। जिस संबंध में थाना मधुबन में चोरी की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की आगामी तफ्तीश में एएसआई सतीश सीआईए वन की अध्यक्षता में पूछताछ में पाया गया कि तीनों आरोपी नशा करने के अत्यधिक आदी है। आरोपियों ने नशापूर्ति के लिए ही इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

- आरोपियों से लोहा पाइप, नकदी और वारदात में इस्तेमाल ई रिक्शा बरामद



**करनाल।** पुलिस टीम की गिरफ्त में आरोपी।

## खबर संक्षेप



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम का जायजा लेते डॉ. ओपी आर्य। फोटो: हरिभूमि

### आंबेडकर भवन में होने वाले कार्यक्रम की परखी तैयारियां

**महेंद्रगढ़।** डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति के तत्वाधान में बुधवार को होने वाले भूमितल शिलान्यास को लेकर प्रशासक पूर्व सीएमओ डॉ. ओपी आर्य ने समिति के सदस्यों को साथ लेकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में ग्राउंड फ्लोर (भूमितल) के निर्माण की आधारशिला रखी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. बनवारी लाल एवं अध्यक्षता पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा करेंगे।



महेंद्रगढ़। प्रतापगढ़ का भ्रमण करते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### राव सुल्तान स्कूल के बच्चों ने किया भ्रमण

**महेंद्रगढ़।** राव सुल्तान सिंह स्कूल के प्राइमरी के विद्यार्थियों ने प्रतापगढ़ झज्जर का भ्रमण किया है। प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने बताया कि कक्षा एलकेजी से पांचवी तक के बच्चों को प्रतापगढ़ घूमने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि वहां बच्चों ने विभिन्न प्रकार के झूले, वोटिंग, रस्सा-कशी व ऊंटों की सवारी की है। उन्होंने बताया कि वहां खाने-पीने का अपना अलग अंदाज था, क्योंकि पूरा आयोजन हरियाणवी संस्कृति को लेकर था, जिसमें बाजरे, मक्का की रोटी आदि के बारे में जाना।



महेंद्रगढ़। साइंस क्विज प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित करते।

### श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा में साइंस क्विज प्रतियोगिता

**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा में साइंस क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव व अध्यक्षता प्राचार्य अजीत सिंह ने की। प्रवक्ता नरेंद्र फिजिक्स ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से 12वीं तक के सुभाषचंद्र बोस हाउस से खुशबू, हिमांशी, मुकुल, साहिल व तनुज, भगत सिंह हाउस से रितिका, तमन्ना, केशव, गौरव, पलक व रोनक तथा चंद्रशेखर आजाद हाउस से हिमांशी, जीया, ममता आदि रहे।

### आपदा प्रबंधन पर दी विस्तार से जानकारी

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय में रेडक्रॉस व एनएसएस प्रकोष्ठ के सानिध्य में उपायुक्त मोनिका गुप्ता के दिशानिर्देशों में आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डा. चंद्रमोहन ने बताया कि सातवीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की प्रोजेक्ट ऑफिसर मीनाक्षी व इंस्पेक्टर अंकित यादव के नेतृत्व में प्रशिक्षण टीम सदस्यों ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को मानव सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत आपदा प्रबंधन जानकारी दी।

### विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षाओं की तिथियों में कुछ बदलाव भी किया गया

# आईजीयू ने किया परीक्षाओं का शेड्यूल जारी, जनवरी तक चलेगी परीक्षाएं

- इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षाओं की तिथियों में किया बदलाव, दो सत्रों में आयोजित होगी परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय। फोटो: हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालय में चल रहे विषय व रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ जिले से सबंद्ध कॉलेजों की परीक्षाओं की शेड्यूल जारी कर दिया हैं। इसके अलावा विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षाओं की तिथियों में कुछ बदलाव भी किया गया है। विश्वविद्यालय की ओर जारी शेड्यूल के अनुसार परीक्षाएं दिसंबर माह से शुरू होकर जनवरी माह समाप्त होगी। परीक्षाएं दोनों सत्रों में आयोजित की जाएंगी।

**यह रहेगा परीक्षा का शेड्यूल**

■ बीए अग्रेजी ऑनर्स के पहले सेमेस्टर के री अपीयर व रेगूलर की परीक्षा 13 दिसंबर से एक जनवरी के बीच दोपहर से दो से पांच बजे के बीच आयोजित होगी। वहीं तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 11 दिसंबर से 13 जनवरी तक दो से पांच बजे तक आयोजित होगी।

■ बीए पास कोर्स के पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा 12 दिसंबर से 12 जनवरी तक 9.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगी।

■ बीएस ऑनर्स के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 12 दिसंबर 8 जनवरी तक 2 से 5 बजे तक, तीसरे सेमेस्टर की 13 दिसंबर से 9 जनवरी के बीच 9.30 से 12.30 बजे तक, पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा 11 दिसंबर से 4 जनवरी तक 9.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगी।

■ बीएससी बायोटैक के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 12 दिसंबर से 2 जनवरी के बीच 2 से 5 बजे तक, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 13 दिसंबर 3 जनवरी तक 9.30 से 12.30 बजे तक, पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा 11 दिसंबर से एक जनवरी तक 9.30 से 12.30 बजे तक होगी।

■ बीसीए के पहले सेमेस्टर की पररीक्षा 19 से 29 दिसंबर के बीच 2 से 5 बजे तक,तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 20 से 30 दिसंबर तक 9.30 से 12.30 बजे तक, पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा 18 से 28 दिसंबर तक 9.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगी

■ बीकॉम ऑनर्स के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 20 दिसंबर से 6 जनवरी तक 2 से 5 बजे तक, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 18 दिसंबर से 4 जनवरी के बीच 2 से 5 बजे तक, पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा 19 दिसंबर 2 से 5 बजे तक आयोजित होगी।

■ बीबीए पहले सेमेस्टर की परीक्षा 20 दिसंबर से 6 जनवरी तक 2 से 5 बजे तक, तीसरे सेमेस्टर की 18 दिसंबर से 5 जनवरी तक 2 से 5 बजे तक, पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा 19 दिसंबर से 5 जनवरी तक सुबह 9.30 से 12 बजे तक होगी।

■ बीकॉम के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 20 दिसंबर से 6 जनवरी तक 2 से पांच बजे तक आयोजित होगी। वहीं तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 18 दिसंबर से 4 जनवरी के बीच 2 से 5 बजे तक होगी। इसके अलावा पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा 19 दिसंबर से 5 जनवरी तक 9.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगी।

■ बीटेक पहले सेमेस्टर की परीक्षा 21 दिसंबर से एक जनवरी तक सुबह 9.30 से 12.30 बजे तक, पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा 20 दिसंबर से 12 जनवरी तक दोपहर 2 से 5 बजे तक, पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा 12 से 28 दिसंबर तक 2 से 5 बजे तक, सातवें सेमेस्टर की परीक्षा 11 से 27 दिसंबर के बीच 9.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगी।

■ बीफार्मा के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 21 दिसंबर से एक जनवरी तक, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 13 से 28 दिसंबर तक, पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा 12 से 27 दिसंबर तक, सातवे सेमेस्टर की परीक्षा 11 से 28 दिसंबर के बीच सुबह 9.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगी।

■ बीपीईएड तीन के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 18 से 28 दिसंबर तक तथा तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 17 से 29 दिसंबर तक दोपहर 2 से 5 बजे आयोजित होगी।

■ एलएलबी तीन साल कोर्स के पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से 29 दिसंबर तक, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 14 दिसंबर से एक जनवरी तक तथा पांचवे सेमेस्टर तक 13 से 27 दिसंबर तक सुबह 9.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगी।

■ एलएलबी पांच साल कोर्स के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 13 से 30 दिसंबर तक 2 से 5 बजे तक, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 11 दिसंबर से एक जनवरी तक 2 से 5 बजे तक, पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा 12 से 30 दिसंबर तक 9.30 से 12.30 बजे तक, सातवे सेमेस्टर की परीक्षा 13 से 28 दिसंबर तक 9.30 से 12.30 बजे तक, नौवे सेमेस्टर की परीक्षा 11 से 29 दिसंबर तक 9.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगी।

■ बीजेएमसी के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 13 से 27 दिसंबर तक दोपहर 2 से 5 बजे तक, तीसरे सेमेस्टर की 11 से 25 दिसंबर 2 से 5 बजे तक, पांचवे सेमेस्टर की 12 से 26 दिसंबर तक 9.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगी।

■ एमसीएए के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 15 दिसंबर से एक जनवरी तक, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 13 से 29 दिसंबर तक तथा पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा 14 से 30 दिसंबर तक 9.30 से 12.30 बजे आयोजित होगी।

■ एमकॉम पांच साल कोर्स के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 14 दिसंबर से 2 जनवरी तक दोपहर 2 से 5 बजे तक, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 13 दिसंबर से 3 जनवरी तक 2 से 5 बजे तक, पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा 15 दिसंबर से एक जनवरी तक 9.30 से 12.30 बजे तक, सातवे सेमेस्टर की परीक्षा 14 दिसंबर से 4 जनवरी तक सुबह 9.30 से 12.30 बजे तक तथा नौवे सेमेस्टर की परीक्षा 13 दिसंबर से 3 जनवरी तक 9.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगी।

■ पीजीडीसीए विषय के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 15 दिसंबर से एक जनवरी तक 9.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगी।

■ एमटेक विषय के तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 14 से 18 दिसंबर तक 9.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगी।

■ एलएलएम के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 13 से 20 दिसंबर के बीच 9.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगी। वहीं तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 16 से 23 दिसंबर के बीच 9.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगी।

■ बीकॉम पास कोर्स विषय के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 20 दिसंबर से 6 जनवरी के बीच 2 से 5 बजे तक आयोजित होगी। वहीं तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 18 दिसंबर से 4 जनवरी के बीच से 2 से 5 बजे तक तथा पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा 19 दिसंबर से 5 जनवरी के बीच 9.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगी।

■ बीएचएमसीटी विषय के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 11 से 25 दिसंबर के बीच दोपहर 2 से 5 बजे, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 12 से 22 दिसंबर तक 9.30 से 12.30 बजे तक, सातवें सेमेस्टर की परीक्षा 13 से 23 दिसंबर 9.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगी।

■ एमबीए पहले सेमेस्टर की परीक्षा 12 से 29 दिसंबर तक 2 से 5 बजे तक होगी। वहीं तीसरे की परीक्षा 15 से 27 दिसंबर तक सुबह 9.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होंगी।

■ एमए, एसएससी व एमकॉम के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 13 से 29 दिसंबर के बीच 2 से 5 बजे तक आयोजित होगी।

■ एमकॉम पांच साल के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 14 दिसंबर से 2 जनवरी तक 2 से 5 बजे तक, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 13 दिसंबर से 3 जनवरी तक 2 से 5 बजे तक, पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा 15 दिसंबर से एक जनवरी तक 9.30 से 12.30 बजे तक, सातवे सेमेस्टर की परीक्षा 14 दिसंबर 4 जनवरी तक 9.30 से 12.30 बजे तक तथा नौवें सेमेस्टर की परीक्षा 13 दिसंबर से 3 जनवरी तक 9.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगी।

■ ओपन इलैक्ट्रिव विषय की परीक्षा सुबह-शाम के सत्र में 6 जनवरी को आयोजित होगी।

■ डीपीईएड दो वर्ष कोर्स के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 19 से 27 दिसंबर तक सुबह 9.30 से 12.30 बजे तक व तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 18 से 26 दिसंबर की परीक्षा 9.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगी।



नारनौल। विकसित भारत की शपथ दिलाते नांगल चौधरी विधायक अभय सिंह यादव। फोटो: हरिभूमि

# घर-घर दस्तक दे रही भारत विकसित यात्रा



नारनौल। प्रदर्शनी का अवलोकन करते नांगल चौधरी विधायक अभय सिंह यादव।

- यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी: डा अभय सिंह यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले में विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा लगातार जन-जन तक सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचा रही है। इसमें शामिल हर नागरिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ भी ले रहे हैं। मंगलवार को यह यात्रा खंड के गांव बलाहा खुर्द, दौचाना, नांगल चौधरी खंड के गांव इकबालपुर नंगली, नेहरू नगर, कनीना खंड के गांव नांगल हरनाथ, बुचावास व महेंद्रगढ़ खंड के गांव बसई व बास खुडाना गांवों में पहुंची। इस दौरान गांव बलाहा खुर्द व दौचाना में नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। वहीं इकबालपुर नंगली व नेहरू नगर में भाजपा जिलाध्यक्ष दयाराम यादव, गांव बसई व बास खुडाना में जिला परिषद सदस्य देवेंद्र, नांगल हरनाथ में सरपंच अंग्रेज देवी व बुचावास में एसईपीओ कृष्णपाल मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। इस अवसर पर विधायक डा. अभय सिंह यादव ने कहा कि इस यात्रा यात्रा का मुख्य मकसद आमजन को सरकार की योजनाओं से अवगत करवा कर उनको इन योजनाओं का लाभ देना है। यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने कहा कि इस यात्रा के दौरान नागरिकों को उनके घर द्वार पर जाकर सरकार सेवाएं दे रही है। इस तरह से अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचेगा।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके गांव दौचाना में एसडीएम मनोज कुमार, बीडीपीओ रेनूलता यादव, एसईपीओ अंकित, सरपंच दौचाना डा. मूलचंद, पंच सुरेंद्र राजपूत, हरिराम मास्टर, कैप्टन रोहतास सिंह राजपूत, बाबूलाल, दिनेश राजपूत, वीरसिंह ठेकेदार, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष कंवर सिंह यादव, प्रदेश सरपंच संगठन के उपप्रधान प्रवीण यादव, सुभाष यादव एडवोकेट, संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण यादव माजरा के अलावा विभागों के अधिकारी व कर्मचारी के साथ गांव के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

**आज इन गांवों में जाएगी विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा**

आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर चल रही विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा 13 दिसंबर को नारनौल खंड के गांव बढ़ोपुर, जादुपुर, नांगल चौधरी खंड के गांव भोजावास, श्योरामनाथपुरा, कनीना खंड के गांव गागड़वास, बचिनी तथा महेंद्रगढ़ खंड के गांव जाट व पाली में जाएगी।

## हरियाणा स्कूल में हुई क्विज प्रतियोगिता




नारनौल। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

- विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए जीके क्विज का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता चार हाउस ग्रीन हाउस, रेड हाउस, ब्लू हाउस व ऑरेंज हाउस के बीच रखी गई। जिसमें सामान्य ज्ञान विषय के साथ-साथ सामाजिक विज्ञान, इतिहास, विज्ञान व इंग्लिश विषय के प्रश्नों को शामिल किया गया। जीके क्विज में ग्रीन हाउस से पंकज, हर्षित, लक्ष्य, लक्षिता, आभा ने प्रथम, रेड हाउस से अक्षरा, मुकुंद, कमल, वंश, वंशिका ने द्वितीय, ब्लू हाउस से भव्य, चहक, दीया, श्लोक, गौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अध्यापक नीरज भारद्वाज कमलकांत भारद्वाज, प्रिया भारद्वाज व हिमांशी शर्मा ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। संस्था अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने सभी बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य सुनील यादव ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास के साथ उत्साह व ज्ञान का वर्धन भी करती है तथा बच्चों के मानसिक व बौद्धिक विकास में वृद्धि भी होती है। संस्था संस्थापक सुभाष चंद्र वर्मा व निर्देशक पुष्करमल वर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

### क्लेट परीक्षा में निधि को मिला प्रदेश में 49वां रैंक



**नारनौल।** देशभर के विभिन्न शहरों में आयोजित क्लेट (कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट) का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है, जिसमें नारनौल की निधि निर्मल ने पूरे भारत मे 603 रैंक और हरियाणा में 49वीं रैंक प्राप्त किया। निधि निर्मल आरपीएस स्कूल में 12 कक्षा की छात्रा है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता विवेक निर्मल व माता सुरेखा सहित अपने समस्त गुरुजनों व परिवार के सदस्यों को दिया। निधि ने बताया इन सभी लोगों के अथक प्रयास से ही यह संभव हो पाया है।

## यदुवंशी के विद्यार्थियों ने पाई क्लेट परीक्षा में सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



यदुवंशी शिक्षा निकेतन के चार विद्यार्थियों ने क्लेट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने अभिभावकों, विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा में छात्र उज्ज्वल, उत्सव, अहन्या तथा कीर्ति ने शानदार सफलता प्राप्त कर अपना स्थान बनाया। कला संकाय के विद्यार्थियों ने इस सफलता पर विजयी चिह्न बनाकर अपनी खुशी जाहिर की तथा प्रबंधन समिति द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। क्लेट एक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है जिसे प्रत्येक वर्ष कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज (सीएनएलयू) द्वारा आयोजित किया जाता है। संस्था निदेशक विजय सिंह यादव ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन व उचित मार्गदर्शन का परिणाम है। क्लेट परीक्षा में पांच अनुभाग शामिल हैं जिसमें अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, करंट अफेयर्स, लीगल रिजनिंग, लॉजिकल रीजनिंग और क्वांटिटेटिव तकनीक शामिल हैं। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एवं चेयरपर्सन संगीता यादव ने कहा कि अब विद्यार्थियों की रूचि क्लेट की तरफ भी बढ़ी है। यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि न्यायालय के अधिकारी और न्याय के पैरोकार के रूप में, अधिवक्ता भारत की कानून प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर को-ऑर्डिनेटर अनु, हैड अरविंद्र यादव, नरेंद्र यादव, सुंदर सुहाग, नवीन स्वामी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## राज्य स्तरीय बैंड प्रतियोगिता में हैप्पी के विद्यार्थियों का जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। विजेता टीम को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना पंचकूला द्वारा मॉडल संस्कृति पंचकूला सेक्टर-20 में आयोजित राज्य स्तरीय बैंड प्रतियोगिता में हैप्पी एवरग्रीन स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। बैंड प्रतियोगिता में शहीद डंरवत अनुज राजपूत के पिता कुलदीप सिंह राजवंश मुख्यातिथि रहे। संगीत अध्यापक सतीश गोस्वामी व कोच नरेश तंवर ने बताया कि हमारे विद्यालय की बैंड टीम में 25 प्रतिभागी थे, जिन्होंने जिले का प्रतिनिधित्व किया। निर्णायक मंडल के तौर पर महेश सिंह नैनीताल से, बलजिंदर सिंह अमृतसर, आर्मी बैंड चीफ और शेर सिंह हिसार से उपस्थित रहे। बैंड प्रतिभागियों को दो हजार रुपये नकद व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने कहा कि महेंद्रगढ़ जिले की टीम में सबसे कम उम्र के प्रतिभागी है जो अन्य सभी प्रतिभागी टीमों से प्रतिस्पर्धा में खरे उतर रहे हैं। प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव बसई व बास खुडाना पहुंची



महेंद्रगढ़। विभाग की स्कीम के बारे में जानकारी लेते मुख्यातिथि।

**महेन्द्रगढ़।** विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा मंगलवार को गांव बसई व बास खुडाना पहुंची। इस मौके पर विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं के लिए पंजीकृत किया। इस यात्रा में मुख्यातिथि जिला पार्षद देवेंद्र ने नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। मुख्यातिथि देवेंद्र ने कहा कि वर्तमान सरकार ने देश व प्रदेश का विकास तेजी से किया है। चाहे वो कृषि, शिक्षा या मेडिकल सुविधा हो, वर्तमान सरकार अब हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज बनवा रही है। अब नागरिकों को इलाज के लिए कहीं दूर जाना नहीं पड़ेगा। गांव बसई में मुख्यातिथि ने यूपीएससी परीक्षा में देश में पांचवा स्थान पाने वाली ममता यादव के परिजनों को सम्मानित किया। गांव के सबसे बुजुर्ग पुरुष झुब्बाराम व महिला समाकोर को सम्मानित किया(

**Notice**

I AdityaYadav S/o Ashok Kumar Yadav R/o Village Simli Ismailpur Teh. Nangal Choudhary Distt. Mahendergarh Hr. declare that my name has been mentioned as Aditya Yadav in my Aadhar Card and all other documents. That my name has been mentioned as Aditya Kumar in My HDFC Policy No 16271592. That both the name of my Aditya Yadav And Aditya Kumar are one and same person.

**सूचना**

मैं, विरेन्द्र कुमार पुत्र मुन्शी राम निवासी दीवान कालोनी रेलवे रोड़, तहसील व जिला-महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र संजय कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इससे कोई लेन-देन करता व सम्बंध रखता है, तो वह स्वंय जिम्मेवार होगा। मेरी और मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सुरेश कुमार पुत्र इन्द्राज सिंह निवासी गांव-दुलोठ अहीर, तहसील व जिला-महेन्द्रगढ़ घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र विनोद कुमार व पुत्रवधु सुशीला मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेन-देन करने व सम्बंध रखने वाला स्वंय जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### एनडीआरएफ बठिंडा की ओर से जागरूकता आपदा शिविर आयोजित

# आपदा के समय जान बचाने के तरीकों को बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। आपदा के दौरान बचाव के बारे में जानकारी देती एनडीआरएफ की टीम। फोटो: हरिभूमि

एनडीआरएफ बठिंडा की सातवीं वाहिनी की ओर से मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता आपदा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम हर्षित कुमार (आईएएस) ने मुख्य अतिथि व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सैनी ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य जयपाल सिंह ने की। मुख्यातिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा के समय जब तक कोई मदद आपके पास नहीं पहुंचती, तब तक आप अपने पास मौजूद संसाधनों का इस्तेमाल करके अपनी जान बचा सकते हैं। उन्होंने एनडीआरएफ टीम की सराहना करते हुए कहा कि आपदा के समय कैसे बचा जाए इसके बारे में छात्रों व आमजन को जागरूक करना यह टीम का एक अच्छा प्रयास है। इस मौके पर एसडीएम हर्षित कुमार ने स्कूल प्राचार्य को टीम द्वारा दी गई आपदा किट भी भेंट की।

**आग के प्रकार पर डाली रोशनी**

डिविजनल कमांडेंट एवं जिला कोऑर्डिनेटर रेडक्रॉस सोसाइटी टेकचंद यादव एवं उपमंडल डिविजनल कमांडेंट एवं उपमंडल कोऑर्डिनेटर रेडक्रॉस सोसाइटी राजेश शर्मा झाडली ने बताया कि एनडीआरएफ सातवीं वाहिनी के इंचार्ज इंस्पेक्टर अंकित यादव के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा आपदा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ बठिंडा की सातवीं वाहिनी की ओर से जिले में चार से 16 दिसंबर तक विभिन्न स्कूलों में स्कूल सेफ्टी एवं आपदा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। टीम के इंचार्ज अंकित यादव ने बच्चों को भूकंप की जानकारी एवं भूकंप के आने के बाद क्लासरूम से निकालने की कार्रवाई ब्लू कंट्रोल के तरीके के बारे में जानकारी दी। आग कितने प्रकार की होती है, आग बुझाने का तरीका, आग निवारण यंत्र चलाने का तरीका, मेडिकल फिटनेस, मौके पर स्ट्रेक्चर बनाना, पानी में डूबने पर बचाव करना तथा इंप्रोवाइज डिवाइस व श्वास के बारे में जानकारी दी। टीम ने एनडीआरएफ व उसके कार्य के बारे में बताया तथा डेमो दिया गया। इस मौके पर टेकचंद यादव ने भी आपदा संबंधित बच्चों को जानकारी दी। कार्यक्रम में मंच संचालन राजेश शर्मा झाड़ली ने किया। एनडीआरफ टीम की ओर से स्कूली बच्चों को रिफ्रेशमेंट दी गई।



नारनौल। यदुवंशी स्कूल के विद्यार्थी।

### क्लैट रिजल्ट के साथ यदुवंशी ने एक बार फिर रचा इतिहास

**नारनौल।** क्लैट परीक्षा का आयोजन तीन दिसंबर को किया गया। जिसका परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिसमें यदुवंशी की छात्रा नेहा पुत्री इंद्रजीत ने ऑल इंडिया ओबीसी वर्ग में 44वीं रैंक हासिल कर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। यह उपलब्धि जिले के लिए अपने आप में अनोखी है। इसी क्रम में विद्यालय की छात्रा कृतिका पुत्री कृष्ण कुमार ने अपनी श्रेणी में 225वीं रैंक, भव्या पुत्री राजेश कुमार ने 540वीं रैंक, अनुज यादव पुत्र महीपाल ने 1181वीं रैंक, दीक्षा शर्मा पुत्री सोमेश शर्मा ने 1717वीं

# सिरोही बहाली टोल प्लाजा पर दिन दहाड़े तोड़फोड़, हमले में मैनेजर घायल, टोल प्रबंधक की शिकायत पर नामजद आरोपितों पर केस दर्ज

मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭नांगल चौधरी

बीती शाम सिरोही बहाली टोल प्लाजा पर दो नामजद बदमाशों ने जमकर तोड़फोड़ कर दी। हमले में टोल मैनेजर को घायल कर दिया, इसके बाद कंट्रोल रूम के शीशे तथा उपकरणों को तोड़ दिए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। शिकायत के अनुसार दोनों नामजद आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। प्रबंधक होशियार सिंह ने बताया कि शाम तीन बजे बैंक में पैसे जमा करवाने नांगल चौधरी के लिए निकला था। राव तुलाराम चौक पर पहुंचा था, इसी दौरान टोल पर एक सफेद रंग की गाड़ी पहुंची। जिसमें से दो युवक नीचे उतरे और बूथ के शीशे तोड़ने शुरू कर दिए। साथ ही सभी 16 बूथों के सीसीटीवी कैमरे और अन्य उपकरणों को भी तोड़ दिए।

**खास बातें**

- गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरु
- वारदात को अंजाम देकर दोनों आरोपित नांगल चौधरी की तरफ निकल गए

## 16 बूथों के सीसीटीवी कैमरे और अन्य उपकरणों को भी तोड़ दिए

### पुलिस ने नुकसान का आंकलन किया

वारदात को अंजाम देकर दोनों आरोपित नांगल चौधरी की तरफ निकल गए। इधर टोल कर्मियों से सूचना पाकर प्रबंधक भी मौके पर पहुंच गए। जिसे देखकर दोनों आरोपी वापस टोल पर आए तथा कंट्रोल में शीशे तोड़ने आरंभ कर दिए। यहां रूम में लगी एलइडी, एमबीआर, कम्प्यूटरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। कंट्रोल रूम से नीचे उतरते समय सीढ़ियों में प्रबंधक से आमना-सामना हो गया। दोनों आरोपितों ने प्रबंधक पर भी हथियार से मारपीट की है। सूचना मिलते थाना इंचार्ज, गश्त पीसीआर व डीएसपी हैड क्वाटर टोल पर पहुंचे। उन्होंने टोल कर्मियों से मामले की विस्तार पूर्वक जानकारी ली। सभी बूथों व कंट्रोल रूम में जाकर नुकसान का आंकलन किया। घटना के दौरान कर्मियों की शिनाख्त की गई, जो कि मोहनपुर के बताए गए हैं।


नांगल चौधरी। वारदात के दौरान आरोपितों की ओर से कंट्रोल रूम में की गई तोड़फोड़।

### नामजद आरोपितों पर केस दर्ज, जल्द होगी गिरफ्तारी

थाना इंचार्ज भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सिरोही बहाली टोल प्लाजा पर तोड़फोड़ करने की शिकायत मिली है। प्रबंधक के साथ भी मारपीट हुई है, वारदात के दोनों आरोपितों की शिनाख्त हो गई है। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

### बूथ से दूर गाड़ी रोकी व बिना कारण बताए की तोड़फोड़

प्रबंधक ने बताया कि आरोपितों से बूथ से करीब 50 मीटर दूर ही गाड़ी खड़ी की है। पहले स्टॉपिंग हत्थे को तोड़ा, फिर केबल द्वारा शीशों को तोड़ा गया है। जो बूथ चालू नहीं थे, उन्हें भी कबाड़ बना दिया है। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद है, पुलिस को फुटेज मुहैया करवा दी है। भयभीत टोल कर्मियों ने पुलिस सुरक्षा देने की गुहार लगाई है।

## खबर संक्षेप



### यादव धर्मशाला में हुआ यज्ञ का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** अमावस्या को विश्व कल्याण की भावना एवं पवित्र वेद की अमृतमय वाणी के प्रचार-प्रसार के लिए यादव धर्मशाला में सभा प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव की अध्यक्षता में यज्ञ का आयोजन किया गया। सभा कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद यादव मुख्य यजमान रहे तथा सभा के उपप्रधान भूपेंद्र सिंह आर्य ने पूरे वैदिक विधि-विधान से यज्ञ संपन्न करवाया। उपसचिव रोहताश सिंह ने ब्रह्मा के आसन्न को सुशोभित किया। इस अवसर पर अजीत सिंह, पुस्तकालय अध्यक्षा निर्मला देवी, सहायिका कोमल यादव, रामकला देवी, बिमला, लाली देवी आदि ने यज्ञ में आहुति दी।



### गोशाला बिहाली में सवामणी लगाई

**मंडी अटेली।** श्रीकृष्ण बाल गोपाल गोशाला बिहाली में इसी गांव के निवासी जितेंद्र यादव ने अपने पिता स्वर्गीय प्रमोद यादव की चौथी पुण्यतिथि पर गोवंश के लिए सवामणी लगाकर धर्म लाभ कमाया। जितेंद्र यादव ने अपने परिजनों व परिचित को साथ लेकर खल, गुड़ व दलिया का मिश्रण करके गोवंश को खिलाया। उन्होंने कहा कि पिता प्रमोद यादव सदैव धर्म में आस्था रखते थे, वह गोवंश की सेवा करने में अपनी बढ़-चढ़कर रुचि रखते थे। उन्हीं के पद चिह्नों पर चलते हुए उसकी पुण्य तिथि पर गोवंश के लिए सवामणी लगाई जाती है। जितेंद्र यादव ने बताया कि गोवंश की सेवा करने पर आत्मा को शांति मिलती है तथा धन की प्राप्ति भी होती है। इस अवसर पर गोशाला के प्रधान महावीर प्रसाद, बलबीर सिंह, लालाराम, ब्रह्मप्रकाश, अंकित यादव, वशिंका, रिया व ऐश आदि सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



### प्रतियोगिताओं में छाए मॉडल संस्कृति के विद्यार्थी

**नारनौल।** राजकीय गर्ल्स वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल चौधरी में गीता जयंती के उपलक्ष्य में खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्कृत प्रवक्ता रविकुमार ने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय धौलेड़ा ने वरिष्ठ वर्ग के भाषण में वंशिका ने प्रथम, संवाद में इशिका व रिंकू की टीम ने द्वितीय, निबंध में वंशिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में ईशा व लकी टीम ने संवाद में द्वितीय, ईशा ने भाषण में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय के प्राचार्य नगेंद्र सिंह ने बधाई दी। इस मौके पर प्रवक्ता राकेश कुमार, संदीप बंसल, उम्मेद सिंह आदि थे।

## रात 10 बजे बाद कुआं पूजन की खुशी में बज रहा था डीजे

# डीजे बंद करवाने गए पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने किया हमला

शहर के नजदीक गांव रघुनाथपुरा का है मामला, पुलिस ने नौ अलग-अलग धाराओं के तहत केस किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक डीजे ना बजाया जाए। जिला में यह आदेश उपायुक्त ने भी जारी किए हुए है। रविवार को जब पुलिस टीम गश्त पर थी तो शहर के नजदीक गांव रघुनाथपुरा में रात 10 बजे के बाद डीजे का शोर सुनाई दिया। उसे बंद करवाने जब वहां पुलिस पहुंची तो आरोप है बेटे होने की खुशी में कुआं पूजन पर महिला व पुरुषों ने हमला किया। वर्दी तक फाड़ने की कोशिश की। डीजे की गाड़ी को उठवाने के लिए क्रेन बुलाई तो उसका चालक भी गांव का ही निकला। आखिरकार पुलिस कर्मी ओर पहुंचे और कुछ लोगों को पकड़ा। अब इस मामले में सिटी पुलिस थाना में आईपीसी 1860 की धारा 147, 149, 186, 188, 294, 323, 332, 353, 506 के तहत आरोपित संतलाल, पवन, कपिल, राकेश, मंजू, अनिल, डीजे चालक नाम नामालूम के अलावा 15 महिला एवं पुरुष पर केस दर्ज किया गया है। महावीर पुलिस चौकी में तैनात पीएसआई रवि ने शिकायत में बताया है कि वह एचजीएच कैलाश, संजीत, संदीप के साथ सरकारी गाड़ी में चालक एसपीओ जयप्रकाश के साथ गश्त पर रात 10:05 बजे गांव रघुनाथपुरा मौजूद था। इस गांव के अंदर से डीजे साउंड की बहुत तेज आवाज सुनाई दे रही थी। वहां हमारी टीम मौके पर पहुंची तो देखा काफी महिला एवं पुरुष मौजूद थे जो नाच रहे थे। काफी हल्ला मचा रहे थे। गाड़ी नंबर एचआर-66बी2326 में डीजे रखा हुआ था जो बहुत तेज आवाज में बज रहा था। वहां मौजूद सभी को मौखिक रूप से बताया कि माननीय उच्चतम न्यायलय व जिला उपायुक्त के आदेश अनुसार डीजे साउंड को रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक बजाना पूर्णतः प्रतिबंध है। आप आदेशों की अवहेलना कर रहे है। डीजे साउंड को बंद कर दें। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इतना कहने पर वहां खड़े व्यक्तियों व महिलाओं में से एक व्यक्ति बाहर निकलकर आया, जिसने अपना नाम संतलाल पुत्र जागेराम बताया और कहा कि बेटे का कुआं पूजन है। यह डीजे पूरी रात इतनी ही तेज आवाज में बजेगा। इतने में कुछ पुरूष व महिलाएं बाहर निकलकर आए और बहस करने लगे। इनका नाम पूछा गया तो एक ने अपना नाम पवन, कपिल हसनपुर, राकेश, मंजू ने एक स्वर में कहा कि यह डीजे तो पूरी रात ऐसे ही बजेगा। गाड़ी व डीजे चालक भी भीड़ में दाखिल हो चुका था। गाड़ी में चाबी भी नहीं लगी हुई थी।

ऐसा देख नजदीक से क्रेन का इंतजाम कर उसे बुलाया गया। क्रेन एचआर-66सी-2925 चालक अनिल वासी रघुनाथपुरा को डीजे साउंड की गाड़ी को टोचन करके ले जाने के लिए कहा। क्रेन चालक अनिल ने संतलाल व अन्य को पहचानते हुए कहा की यह तो गांव से है। वह यह डीजे वाली गाड़ी को लेकर आपके साथ नहीं जाएगा और उन सभी पुरूष व महिलाओं को उकसाते हुए क्रेन चालक अनिल ने कहा कि इस डीजे और गाड़ी को क्यों ले जाने देते हो। उसी समय महिला व पुरुषों ने पुलिस पार्टी पर हमला बोल दिया। महिलाओं ने पुलिस पर दबाव बनाने की नियत से यह चिल्लाना शुरू कर दिया। हम भी पुलिस पर यह इल्जाम लगाएंगे कि पुलिस वालों ने हमारे साथ बदसलूकी की है और सभी ने मिलकर पुलिस टीम के सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाकर धक्का मुक्की व मारपिटाई करते हुए वर्दी फाड़ने की कोशिश की।

### चार गिरफ्तार

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। जिन्हें मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### चालक डीजे गाड़ी को लेकर फरार हो गया

इस पूरी घटना की एसपीओ जयप्रकाश ने मोबाइल से वीडियो बनाई। उसको एक दम से नीचे मंजू व अन्य ने नीचे गिरा दिया। उसके साथ काफी मारपीट की। काफी प्रयास करने के बाद भी मोबाइल नहीं मिला। हमें कहा कि यहां से चले जाओ नहीं तो जन से मार देंगे। इसी समय सूचना पाकर कुछ अन्य पुलिस कर्मी मौके पर आता देख भीड़ में शामिल महिला व पुरूषों ने मौके से भागने का प्रयत्न किया। चालक डीजे गाड़ी को लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम के सहयोग से पवन, कपिल हसनपुर, राकेश, क्रेन चालक अनिल को काबू किया। अन्य सभी जान से मारने की धमकी देकर मौके का फायदा उठाकर भाग गए।

# डिप्टी सीएम ने वादा पूरा किया


- नांगल चौधरी को उपमंडल का मिला दर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल


उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला

नांगल चौधरी क्षेत्र के लिए अच्छी खबर है। नांगल चौधरी को उपमंडल का दर्जा मिल गया है। अब जिला में चार उपमंडल हो गए है। नांगल चौधरी को उपमंडल बनाए जाने पर 30 किलोमीटर दूर नारनौल आने वाले लोगों को इसका सबसे ज्यादा फायदा मिलेगा। पैसा व समय दोनों की बचत होगी। इस वायदे को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पूरा किया है। इससे जजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। यह बात जजपा जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने मीडिया के नाम जारी विज्ञप्ति में बताई। उन्होंने बताया कि हरियाणा में प्रशासनिक कार्यों को सुगम बनाने के लिए छह नए उपमंडल बनाए है। इनमें मानेसर, नीलोखेड़ी, इसराना, छछरौली व जुलाना के अलावा महेंद्रगढ़ जिला से नांगल चौधरी को उपमंडल बनाने की अधिसूचना जारी कर दी है। इसी मामले में नौ नई को केबिनेट बैठक में नए छह उपमंडल बनाने पर मुहर लगाई थी। अब शुक्रवार को अधिसूचना जारी होने के बाद नए उपमंडल अस्तित्व में आ गए है। इस तरह अब प्रदेश में 80 उपमंडल हो गए है। उन्होंने बताया कि जब-जब नांगल चौधरी में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने दौरा किया, उनके समक्ष वहां की जनता सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने उपमंडल बनाने की मांग उनके समक्ष रखी थी। इस मांग पर डिप्टी सीएम ने जल्द पूरा करवाने का वायदा किया था। उन्होंने बताया कि जो वायदा दुष्यंत चौटाला जनता से करते है, वह उसे पूरा करते है। प्रदेश में गठबंधन सरकार जनहित के कार्यों को निरंतर पूरा कर रही है। उन्होंने बताया कि नांगल चौधरी उपमंडल बनने पर अब राजस्थान बॉर्डर पर स्थित रायमलिकपुर से नारनौल आने तक का 30 किलोमीटर दूरी का समय तय करना नहीं पड़ेगा।

# विद्यार्थियों को किया सम्मानित


नारनौल। राव नेतराम स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

- राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

खण्ड स्तरीय गीता महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय मॉडल विद्यालय अटेली मंडी में किया गया। जिसमें राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर के प्रतिभागियों ने भाग लिया। विद्यालय पहुंचने पर विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्या अनिता देवी ने बताया कि गीता महोत्सव में अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं करवाई गई। जिसमें वरिष्ठ वर्ग में भाषण में कविता द्वितीय व कनिष्ठ में भूमिका प्रथम, श्लोकोचारण में हिना प्रथम, संवाद में वरिष्ठ व कनिष्ठ दोनों वर्गोंकी टीमों ने प्रथम, कनिष्ठ वर्ग में प्रश्नोत्तरी में अंजलि, हीना, निकिता ने स्थान प्राप्त कर अपनी जगह बनाई। उन्होंने बताया कि खण्ड स्तर पर विजेता प्रतिभागी जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस मौके पर विक्रम डीपीई, सुमन यादव, प्रदीप, सुनिल कुमार, समता यादव, ज्योति, पूजा आदि मौजूद थे।

# स्पीड ब्रेकरों पर मार्कर लगाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल


नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेती डीसी मोनिका गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

सर्दी के मौसम को देखते हुए सड़कों पर सफेद पट्टी लगाएं व सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाएं। जिन वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप ना लगी हो उन वाहनों के चालान काटे जाएं। यह निर्देश उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने मंगलवार को लघु सचिवालय में सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति की बैठक लेते हुए अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आने वाला समय धुंध का समय है। ऐसे में अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सड़कों पर नियम अनुसार स्पीड ब्रेकर पर मार्कर लगाया जाए, ताकि दूर से ही स्पीड ब्रेकर का पता चले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ओवरलोड वाहनों पर नजर रखें। तय मात्रा से अधिक लोड वाहनों से जहां सड़के खराब होती है। वहीं सड़क हादसा होने का भी अंदेशा रहता है। ऐसे में अधिकारियों का कर्तव्य है कि वह ओवरलोड वाहनों पर अपनी सख्ती इसी प्रकार जारी रखें। सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के संबंध में उन्होंने बताया कि इन वाहनों में सभी नियमों की पालना होनी चाहिए। अधिकारी समय-समय पर इनकी चैकिंग करें। सभी बसों में सीसीटीवी कैमरे, फर्स्ट एड बॉक्स तथा अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था होनी चाहिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल, आरटीए मनोज कुमार, एसडीएम मनोज कुमार, नगराधीश डा. मंगल सेन आदि मौजूद थे।

# हकेंवि में मनाया गया भारतीय भाषा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। भारतीय भाषा उत्सव के अवसर पर उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा भारतीय भाषा उत्सव के अवसर पर व्याख्यान एवं भारतीय भाषाओं में काव्यपाठ का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अवश्य ही इस आयोजन के माध्यम से प्रतिभागियों को भारत की समृद्ध भाषाई परंपरा को जानने-समझने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत में हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीर पाल सिंह यादव ने बताया कि भारत के पास एक समृद्ध भाषाई विरासत है। इन भारतीय भाषाओं को राष्ट्रीय एकता के लिए एक महान उपकरण के रूप में देखते हुए, देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं के महत्व एवं इनके सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। आयोजन में काव्य पाठ हेतु आकांक्षा ने मैथिली भाषा में, गौतम कुमार मिश्रा व पुनीत ने मगही भाषा में, संगीता ने उड़िया भाषा में, जिगर पटेल ने गुजराती भाषा में, ईशा सिंह ने उर्दू भाषा में, कृष्णा सिंह ने मलयालमी भाषा में, कुलदीप व शोधार्थी सुमन बाला ने राजस्थानी में, यशपाल ने परमल रासो सुनाकर, मुनीश ने पंजाबी में, राकेश जोशी ने पहाड़ी में, बिजाई त्रिपुरा ने नेपाली भाषा में, प्रसून कुमार ने तेलुगु भाषा में, राजकमल मुखर्जी ने बांग्ला भाषा में, अखिलेश कुमार ने भोजपुरी में, शोधार्थी गुरदीप ने हरियाणवी में, तिरु ने तमिल भाषा में अपनी कविताओं, किस्सों, कहानियों को प्रस्तुत किया।

### भाषाएं समाज के मन और ज्ञान को आकार देती

कार्यक्रम के मुख्यातिथि विवि के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार ने कहा कि आज के कार्यक्रम ने हमारे देश के सामाजिक ताने-बाने, विविधता में एकता को परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाएं, अपनी अंतर्निहित समानताओं के माध्यम से हमें एक साथ बांधने का काम करती हैं। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रियंका और सौरव ने किया। विभाग सह आचार्य डॉ. कामराज सिंधु ने इस बात पर जोर दिया कि भाषाएं समाज के मन और ज्ञान को आकार देती हैं और लोगों को एक साथ लाती हैं। कार्यक्रम के अंत में सह आचार्य डॉ. कमलेश कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** क्षेत्र के किसानों को बाजरा फसल के भावातंर योजना के रुपये नहीं मिलने से किसानों में सरकार के प्रति रोष है। परेशान किसानों ने मंगलवार को एसडीएम हर्षित कुमार को ज्ञापन सौंपकर उक्त राशि प्रदान कर लाभांवित करने की मांग की है। किसान समाजसेवी रामनिवास पाटोदा, धर्मपाल नंबरदार, ओमप्रकाश बवाना, खुशवंत बलबीर सिंह, परमानंद सुधीर, संजय, महेंद्र, राजेन्द्र सिंह, रघुबीर, अजय, जगदीश, अजीत, लालचंद, अशोक कुमार, हंसराज, सतबीर, बीरेन्द्र व नर्सिंग आदि ने बताया कि महेंद्रगढ़ क्षेत्र के किसानों की खरीफ की फसल में बाजरे की प्रमुख फसल है। इस फसल को सरकार ने एमएसपी पर खरीदा गया था, लेकिन उन्हें भावांतर योजना के तहत प्रति एकड़ आठ क्विंटल पर रुपये दिए जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की तैयारी को लेकर डीसी ने ली बैठक

# 22 व 23 को आईटीआई में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

- सेमिनार, गीता यज्ञ व पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, दीपोत्सव तथा नगर शोभायात्रा का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल


नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेती डीसी मोनिका गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

गीता के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इस बार स्थानीय आईटीआई बॉयज के मैदान में 22 से 23 दिसंबर तक अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करवाया जाएगा। इस संबंध में मंगलवार को उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने जिले के विभिन्न अधिकारियों व सामाजिक संगठनों की बैठक ली तथा इस कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की। डीसी ने कहा कि महाभारत में कुरुक्षेत्र की धरा पर भगवान श्रीकृष्ण की ओर से अर्जुन को दिए गए उपदेश आज के युग में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। प्रदेश सरकार के प्रयासों से आज गीता का प्रचार-प्रसार पूरी दुनिया में हो रहा है। विश्व के कई देशों में इस महान ग्रंथ को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह हमारे लिए गौरव की बात है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। गीता पर आधारित सेमिनार, गीता यज्ञ, गीता पूजन, दीपोत्सव तथा नगर शोभायात्रा निकाली जाएगी।

उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यक्रमों में जिला की धार्मिक सामाजिक संस्थाओं की मुख्य भूमिका रहेंगी। उपायुक्त ने बताया कि दोनों ही दिन आईटीआई के प्रांगण में विभिन्न विभागों व स्वयं सहायता समूह की ओर से प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। इन प्रदर्शनी में आम नागरिकों को विभिन्न प्रकार के उत्पाद खरीदने का मौका मिलेगा।

### नगर शोभायात्रा निकाली जाएगी

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम की रिहर्सल शुरू करवाई जाए। उन्होंने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को लेकर सभी अधिकारी पूरे उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने नगर शोभायात्रा के संबंध में भी रूट चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, एसडीएम मनोज कुमार, डीएसपी जितेंद्र कुमार, नगराधीश डा. मंगल सेन के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।